आर प्रोजेक्ट रेंजर के 15 पद रखे थे। वन संरक्षक पद के लिए 7 उम्मीदवारों का चयन हुआ है।

काम रामकी कंपनी के पास है।

**अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम :** मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री वर्चुअली जुड़े

# देवी अहिल्या विवि और आई-शू यूनिवर्सिटी काउशिंग ताइवान के बीच हुआ एमओयू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) और आई-शू यूनिवर्सिटी काउशिंग ताइवान के संयुक्त तत्वाधान में स्थायी व बेहतर भविष्य के लिए 'पर्यावरण प्रशासन विषय' पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम का आयोजन तक्षशिला परिसर में किया गया।

डीएवीवी की कुलपति प्रो. रेणु जैन व आई-शू युनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. गु यॉन कुआंग ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार वर्चुअली जुड़े। विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण सांसद शंकर लालवानी ने किया।

## 'शोधकर्ताओं व निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, विश्व में सेमीकंडक्टर और चिप डिजाइन क्षेत्र के सिरमौर ताइवान के साथ डीएवीवी द्वारा शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए किए जा रहे एमओयू से मप्र के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के द्वार खुलेंगे। डीएवीवी ने ताइवान समेत छह विवि के साथ एमओयू किया है। राज्य सरकार की कोशिश रहेगी कि ताइवान के साथ प्रदेश के संबंध हों और शासन स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन में कोई कठिनाई नहीं आए।

## जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं, वैसे ही ब्रह्मांड की भी करें

मुख्यमंत्री ने कहा, वेद यह शिक्षा देते हैं कि जैसे हम स्वयं की चिंता करते हैं, वैसे ही ब्रह्मांड की चिंता करें। विश्व के सामने मौजूद पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने के लिए केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी हर स्तर पर प्रयास कर रही है। नई दिल्ली टीईसीसी के शिक्षा निदेशक पीटर चैंन ने कहा, यह एमओयू जल्द सक्रिय हो जाएगा और जुलाई तक इंदौर में ताइवान से शिक्षक होगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा, कलेक्टर आशीष सिंह सहित विवि कार्यपरिषद के सदस्य मौजूद रहे।